हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
25 अगस्त 2024, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से देश के युवाओं को काफी फायदा हुआ है।आज आकाशवाणी पर मन  की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में ऐसा बहुत कुछ हो रहा है जिससे विकसित भारत की नीवं मजबूत हो रही है।

श्री मोदी ने स्पेस टैंक स्टार्टअप गैलेक्सी के सदस्यों के साथ बातचीत भी की ।इस स्टार्टअप में भारतीय प्रोधोगिकी संस्थान मद्रास के पूर्व छात्रों ने शुरू किया था ।श्री मोदी ने कहा कि स्पेस इको सिस्टम जीवंत हो रहा है प्रधानमंत्री ने गैर राजनितिक पृष्टभूमि वाले एक लाख युवाओं ने राजनितिक व्यवस्था से जुड़ने के किए गए आह्वान को मिले समर्थन के लिए युवाओं का धन्यवाद किया।

श्री मोदी ने आशा व्यक्त की,कि युवाओं के सामूहिक प्रयास से ऐसे युवा राजनीती में आ सकेंगे जिनकी कोई राजनितिक पृस्ठभूमि नहीं है ।उन्होने कहा की ऐसे युवाओं का अनुभव एवं जोश देश के लिए लाभदायक सिद्ध होगा ।श्री मोदी ने कहा की सवतंत्रता संग्राम के दिनों में बहुत से ऐसे लोगों ने जिनकी कोई राजनितिक पृस्ठभूमि नहीं थी अपना जीवन देश की आज़ादी के लिए समर्पित कर दिया।प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए आज भी उस जज्बे की ज़रूरत है।श्री मोदी ने कहा कि युवाओं का इस अभियान में सकारात्मक रूप से जुड़ना स्वंय एवं देश के भविष्य को बदलने वाला साबित होगा ।हर घर तिरंगा अभियान की सफलता पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के हर हिस्से में निकली गयी तिरंगा रैलियों और हर जगह लहराते तिरंगे ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया है ।उन्होंने कहा है कि ई -कॉमर्स प्लेटफार्म पर तिरंगे में रेंज सामान की बिक्री बढ़ी है ।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में मानव एवं पशुओं के बीच प्रेम के बंधन का उल्लेख भी किया ।इस संबंध में उन्होंने असम और अरुणाचल प्रदेश की दो घटनायें लोगो के साथ साझा की ।श्री मोदी ने मध्य प्रदेश के झाजुआ के सफाई कर्मचारियों का जिक्र करते हुए प्लास्टिक के कचरे से उपयोग से आने वाली खूबसूरत चीज़ें बनाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने इसके लिए विशेष तौर पर ई-कॉन्शस और इकोहारी नामक स्टार्टअप की उदहारण दी।प्रधानमंत्री ने देशवासियों को कैच द रेन और एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ने का आग्रह किया और देशवासियों से अधिक से अधिक पेड़ व् पौधे लगाने का अनुरोध किया।श्री मोदी ने अपने संबोधन में विश्व संस्कृत दिवस और फिट इंडिया अभियान पर भी बात

की उन्होंने श्रीअन्न को लोकप्रिय बनाये जाने को लेकर कहा कि इन सब प्रयासों का उद्धेश्य परिवार के हर सदस्य को फिट एवं सवस्थ रखना है।

सरकारी कर्मचारियों ने सुनिश्चित पेंशन वाली एकीकृत पेंशन योजना का स्वागत किया है। कर्मचारियों ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए संयुक्त सलाहकार मशीनरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। सरकारी कर्मी संगठन के संयुक्त सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने सरकार के एकीकृत पेंशन योजना के फैसले की सराहना की।कल मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंज़ूरी दी थी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में इसकी जानकारी दी।50 प्रसेंट अस्योर्ड पेंशन, यह इस यूपीएस का सबसे पहला पिलर है। रिटायरमेंट से पहले के 12 महीनों की एवरेज बेसिक पे का 50 प्रसेंट होगा और इस फुल पेंशन के लिए जो क्वालिफाइंग सर्विस रहेगी, वो रहेगी 25 इयर्स। यानि 25 वर्ष तक किसी ने काम किया है, सेवा किया है तो उसको फुल पेंशन यानि जो यह अस्यूर्ड पेंशन का एमाउंट है वह मिलेगा। 25 साल से अगर कम है लेकिन 10 साल से ज्यादा है, तो उसमें प्रपोसनेट पेंशन रहेगी।इसके अलावा, कर्मचारी के देहान्त के बाद परिवार पेंशन साठ प्रतिशत कर दी गई है। न्यूनतम 10 वर्ष की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त होने पर कम से कम दस हज़ार रूपए पेंशन की गारंटी होगी। इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मियों को लाभ होगा। यह योजना अगले वर्ष की पहली अप्रैल से लागू होगी।

........................................................................